
**लापरवाही** प्रशासन की अनदेखी के चलते कभी भी हो सकता है हादसा

# निदान वॉटरफॉल में पर्यटकों की उमड़ रही है भीड़

**कटंगी जबलपुर ,नवभारत।** निदान वॉटरफॉल में इन दिनों बने विहंगम दृश्य को देखने के लिए कटंगी जबलपुर और दूर-दूर से पर्यटक निदान वॉटरफॉल पहुंच रहे हैं लेकिन यहां पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के कारण कभी भी यहां हादसा हो सकता है। निदान वॉटरफॉल आने वाले पर्यटकों ने यहां पर लगे तार बाउंड्री को भी तोड़ दिया है और पर्यटक चौकीदार को अनदेखा करते हुए निदान वॉटरफॉल में ऊंचाई पर चढ़ जाते हैं जो की खतरनाक है और यदि ऐसे में यहां पर बारिश होती है तो कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बाद भी आने वाले पर्यटक सुरक्षा इंतजामों को दरकिनार कर ऊंचाई तक चढ़ रहे हैं वही पत्थरों पर कई जमी होती है जहां पर फिसलने का भी डर रहता है

सेल्फी के चक्कर के चलते भी ऊंचाई तक पहुंच जाते हैं जिससे यहां कभी भी हादसा हो सकता है। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं वन विभाग के द्वारा यहां पर वसूली की जाती है लेकिन केवल एक चौकीदार को तैनात करके खानापूर्ति की जाती है यदि यही हाल रहा तो हो सकता है कि निदान वॉटरफॉल में कभी बड़ा हादसा हो और उसके बाद प्रशासन की आंख खुले। वैसे निदान वॉटरफॉल में हर साल किसी न किसी को अपनी जान गंवानी पड़ती है लगता है ऐसे में प्रशासन इसी बात का इंतजार कर रहा है कि इस बार भी किसी न किसी को अपनी जान गंवानी पड़े और उसके बाद उनकी नींद खुले। स्थानीय नागरिकों ने मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि यहां पर कोई बड़ा हादसा ना हो। गौरतलब है कि अभी एक सप्ताह पहले ही कुछ पत्रकार और जबलपुर से आए पर्यटक भी निदान वॉटरफॉल में फंस गए थे जिन्हें की रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।





## पांच नए सदस्यों ने ग्रहण की सदस्यता

▶ मप्र एमेच्योर बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स संघ की बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** रविवार को मध्य प्रदेश एमेच्योर बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित कालिया की अध्यक्षता में एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (एबीपीफ) शिवा अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश संघ की बैठक फिनिक्स पॉल्ट्री कार्यालय में संपन्न हुई।

बैठक का संचालन प्रदेश सचिव देवेंद्र सरीन द्वारा किया गया, जिसमें सभी कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित हुए और आगामी प्रतियोगिताओं के विषय में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला एवं प्रदेश स्तर की शरीर शौष्ठव प्रतियोगिताओं की तारीखों की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही साथ ही पांच नए सदस्यों ने जिला एवं प्रदेश बॉडी बिल्डिंग संघ की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष सुमित कालिया ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई।

### इनकी उपस्थिति रही

बैठक में एबी श्रीवास्तव, प्रवीण गुप्ता, नरेश दुबे, धीरज जग्गी, राज कुमार वर्मा, शमशेर सिंह, कपिल श्रीवास्तव, ऋषि चौरसिया, एल्विन डिसूजा, अल्तमस, अहफाज, विवेक भोसले, राहुल सरीन आदि उपस्थित थे।

### ▶ एक नजर में ◀

#### एमपीआरएफए पोर्टल के संचालन की दी जानकारी

**डिण्डौरी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन अधिकार दावों के निराकरण एवं नवीन एमपीआरएफए पोर्टल पर दावों के पंजीयन एवं प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी द्वारा वनग्रामों के पंचायत सचिवों, वनरक्षकों, ग्राम स्तरीय वनाधिकार समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव तथा रोजगार सहायकों को पोर्टल के संचालन एवं दावा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि लंबित वन अधिकार दावों के निराकरण के लिए 15 अगस्त से पूर्व वनाधिकार समितियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## अवैध वसूली के आरोप में शरद बिसेन स्थानांतरित

▶ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत की गई कार्रवाई

**नवभारत, जबलपुर।** कार्यपालन अभियंता शरद बिसेन को ठेकेदारों से अवैध वसूली और गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के चलते मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा छिंदवाड़ा से तत्काल प्रभाव से छतरपुर स्थानांतरित कर दिया गया है। कंपनी प्रबंधन ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' के तहत यह बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। इसके साथ ही प्रबंधन ने 24 जुलाई 2026 को उनके विरुद्ध विभागीय जांच शुरू कर औपचारिक आरोप-पत्र भी जारी कर दिया है। जारी दस्तावेजों के अनुसार उन पर बिलों के भुगतान और अन्य कार्यों के बदले अवैध राशि मांगने, पद का दुरुपयोग करने तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप हैं। कंपनी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार, कदाचार और अनियमितता के मामलों में किसी भी स्तर पर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दोषियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ बिजली कंपनी सख्त

यह कार्रवाई कंपनी की 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' का सशक्त उदाहरण है जो दर्शाती है कि संगठन में ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नैतिक कार्यसंस्कृति से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कंपनी प्रबंधन ने साफ किया है कि उपभोक्ताओं और हितधारकों का विश्वास बनाए रखने तथा सुशासन को मजबूत करने के लिए ऐसी सख्त प्रशासनिक कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।

## श्री सिद्ध चक्रमहामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

**नवभारत,कटंगी जबलपुर।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से धर्म नगरी कटंगी में यह विधान का आयोजन 6 दिनों से चल रहा है।प्रात: काल की बेला में भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं विश्व में शांति बनी रहे इसके लिए विशेष महा यज्ञ चल रहा है आज की शांति धारा का सौभाग्य कार्यक्रम के मुख पात्र डॉक्टर बाबूलाल जैन ,विकास जैन ,विजय जैन वेदराज परिवार जी को प्राप्त हुआ यह कार्यक्रम नगर गौरव बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया , संजय भैया ,आभा दीदी ,विनीता दीदी ,सुनीता दीदी ,बविता दीदी ,के कुशल निर्देशन में चल रहा है यह आठ दिन जैन धर्म के महत्वपूर्ण अष्टानिका महापर्व कहलाते हैं इसमें सिद्ध भगवान की आराधना की जाती है।शाम को आरती एवं भैया जी के मांगलिक प्रवचन होते है । कटंगी नगर के आसपास के क्षेत्रों से गुबरा, कैमोरी, सकरा ,धनोरा ,घंसौर ,जबलपुर आसपास की सभी समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं आप सभी सादर आमंत्रित हैं इस महान पर्व पर विश्व में शांति के लिए अपनी आहुतियां प्रदान करें।



## कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि




**नवभारत,सिहोरा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्थानीय महाविद्यालय में शहीद सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भारतीय सेना के वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर एम.के. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'कारगिल विजय दिवस केवल विजय का उत्सव नहीं, बल्कि उन वीर सैनिकों के साहस और बलिदान को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा को सर्वोपरि रखा। युवा पीढ़ी को उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेकर देश निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वीर सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के नायकों—कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडेय, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव और राइफलमैन संजय कुमार सहित अन्य वीरों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन डॉ. डी.के. बघेल के नेतृत्व में किया गया, जबकि संचालन डॉ. एस.के. महरौलिया ने किया। अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने देशभक्ति नारों के साथ वीर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कारगिल विजय दिवस ने एक बार फिर देशभक्ति, साहस, एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

## नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान के तहत सिहोरा पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

▶ 90 ग्राम पंचायतों की नारी शक्ति ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, नशा मुक्त समाज का लिया संकल्प




**नवभारत,सिहोरा।** नशा से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत सिहोरा थाना द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में क्षेत्र की लगभग 90 ग्राम पंचायतों से आई नारी शक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी श्रीमती प्रतीक्षा मार्क ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज के लिए भी घातक साबित होता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को विशेष रूप से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सरपंच दीपक साहू, आचार्य कविता दहिया, शिवानी पटेल सहित क्षेत्र के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति की सहभागिता रही। सिहोरा थाना द्वारा आयोजित यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## गुरुपूर्णिमा महोत्स में सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज का आयोजन



**नवभारत,सिहोरा।** आध्यात्मिक चेतना और गुरु भक्ति के पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 27 जुलाई 2026 को जबलपुर के राइट टाउन स्थित मानस भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु, प्रेरक वक्ता एवं लेखक सद्गुरु श्री ऋतेश्वर जी महाराज के सान्निध्य में श्री गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव 2026 का आयोजन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे से किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन स्थल मानस भवन, राइट टाउन को विशेष रूप से सजाया जाएगा, जहां भक्तगण गुरु कृपा प्राप्त करने के लिए एकत्रित होंगे।

### आध्यात्मिक जीवन की प्रेरक यात्रा

सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज का जन्म 5 जनवरी 1973 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक शिक्षक परिवार में हुआ। उनके माता-पिता मंजू देवी और विजय नारायण दोनों ही शिक्षण कार्य से जुड़े रहे। उन्होंने वाराणसी से भू-विज्ञान और संस्कृत में स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त करने के बाद अध्यात्म का मार्ग अपनाया। उन्होंने काशी, वृंदावन, ब्रज क्षेत्र एवं उत्तराखंड के जंगलों में कठोर तपस्या कर आध्यात्मिक साधना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वृंदावन में उन्होंने 'श्री आनंदम धाम' नामक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक एवं सामाजिक संगठन की स्थापना की, जो समाज सेवा एवं अध्यात्म के क्षेत्र में सक्रिय है।

### समाज सेवा और वैश्विक प्रवचन


सद्गुरु युवाओं में नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक जीवन शैली को लेकर जागरूकता अभियान चलाते हैं। उनके प्रवचन भारत के अलावा नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों में भी आयोजित हो चुके हैं, जहां उन्होंने हजारों लोगों को आध्यात्मिक मार्ग की प्रेरणा दी।

### आयोजन की प्रमुख जानकारी

तिथि: 27 जुलाई 2026

समय: शाम 4 बजे से स्थान: मानस भवन, राइट टाउन, यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए गुरु कृपा, सत्संग और आध्यात्मिक आनंद का विशेष अवसर होगा। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस पावन कार्यक्रम में शामिल होकर जीवन को सकारात्मक दिशा देने की अपील की है।

### श्री सैलवारा धाम में होगा भजन एवं आशीर्वचन का आयोजन



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर परमहंसी अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी श्री प्रकाशवन अवधूत जी महाराज के प्रभु प्रेमी एवं समस्त गुरु भक्तों द्वारा श्री सैलवारा धाम में विख्यात परम पूज्य श्री आकाशवन केलाशानन्द जी महाराज का पूजन एवं बुधवार के दिन गुरु पूर्णिमा समारोह श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। इस पावन अवसर पर परम् पूज्य गुरुदेव का विधिवत पूजन, भजन-कीर्तन सहित भंडारे का आयोजन होगा। प्रेरणादायी उद्बोधन सहित विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रभु प्रेमी भक्त, जय प्रकाश तिवारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय सनातन परंपरा में गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण, कृतज्ञता और सेवा भाव व्यक्त करने का अत्यंत पावन पर्व है। गुरु हमारे जीवन को ज्ञान, संस्कार और आध्यात्मिक का दिशा प्रदान करते हैं।

व्यवस्था में जुटे भक्त

गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं गुरु भक्त शामिल होकर गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे। आयोजन के दौरान गुरु पूजन, भजन-कीर्तन, सत्संग तथा प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। जिसके आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। श्री शैलेश्वर धाम के महंत श्री आकाशानंद कैलाशानंद जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु कृपा प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही है।

## यात्री प्रतीक्षालय बना शराबखोरी का अड्डा

**करंजिया, नवभारत 26 जुलाई।** यात्रियों की सुविधा के लिए करंजिया के नए बस स्टैंड के पास बनाया गया प्रतीक्षालय इन दिनों अपने उद्देश्य से भटकता नजर आ रहा है। यहां यात्रियों के बैठने के लिए बनाई गई जगह पर शराब की खाली बोतलें, प्लास्टिक की बोतलें, तंबाकू-सिगरेट का कचरा और अन्य गंदगी दिखाई दे रही है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्रतीक्षालय में इस तरह की गतिविधियों के चलते यात्रियों, खासकर महिलाओं और बच्चों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। तस्वीरों में भी प्रतीक्षालय के अंदर शराब की बोतलें और कचरा साफ दिखाई दे रहा है। यात्रियों के लिए बनाए गए इस सार्वजनिक स्थल की ऐसी स्थिति जिम्मेदार विभाग की निगरानी और साफ-सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतीक्षालय की नियमित साफ-सफाई कराई जाए और यहां शराबखोरी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

## सूफ़ी रज़ा कादरी उमरा की पवित्र यात्रा पर हुए रवाना



**नवभारत, जबलपुर।** पीएसएम मस्जिद, दरी खाना के पेश इमाम एवं छोटी ओमती निवासी सूफ़ी रज़ा कादरी गरीब रथ एक्सप्रेस से पवित्र उमरा यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर मस्जिद कमेटी एवं अकीदतमंदों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर, इत्र लगाकर और मिठाई खिलाकर रुख्सती दी तथा उनकी सकुशल यात्रा और उमरा की कबूलियत के लिए दुआ की। रुख्सती के मौके पर सभी ने सूफ़ी रज़ा कादरी को उमरा की मुबारकबाद देते हुए उनसे मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ करने की गुज़ारिश की गई। इस दौरान मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष नज़र अली, एड. मंजूर खान, नईम खान, एड. हाजी अब्दुल कय्यूम, मुईन रज़ा, जावेद, कादिर एवं कलीम सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद उपस्थित रहे।

**स्थापना दिवस** संस्कारयुक्त शिक्षा के 40 वर्ष पूर्ण

## सरस्वती शिशु मंदिर का 41वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



**नवभारत,सिहोरा।** विगत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर गोसलपुर में विद्यालय के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 41वाँ स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में स्वामी शिवदत्त जी महाराज, शिक्षा प्रसार समिति के सम्माननीय सदस्य, धर्मेंद्र सिंह (जनपद सदस्य), मुख्य अतिथि पुष्पराज सिंह बघेल (जिला उपाध्यक्ष) तथा विशिष्ट अतिथि निरंजन दुबे (सेवानिवृत्त शासकीय शिक्षक) उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों के करकमलों से पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय समिति एवं शिक्षा प्रसार समिति के सदस्यों का भी शिक्षा एवं समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान किया गया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों से अनुशासन, संस्कार, परिश्रम एवं राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया तथा विद्यालय की शिक्षा एवं संस्कारपरक गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रजनी विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षा प्रसार समिति के सदस्यों, अभिभावकों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।